भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1201

दिनांक 29.07.2021 को उत्तर देने के लिए

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित जी7 शिखर सम्मेलन समझौते पर हस्ताक्षर

1201. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्री राजमणि पटेलः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित जी7 समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो यह पुष्टि करता है कि "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों, एक स्वतंत्रता के रूप में है जो लोकतंत्र की रक्षा करती है और लोगों को भय और उत्पीड़न से मुक्त रहने में मदद करती है";

(ख) क्या इस तरह के बयान पर हस्ताक्षर करना देश में राजद्रोह के मामलों में वृद्धि, विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के उपयोग में वृद्धि और इंटरनेट शटडाउन का अक्सर सहारा लेने के विपरीत है;

(ग) यदि हाँ, तो समझौते पर हस्ताक्षर करके की गई अपनी प्रतिबद्धता पर कार्रवाई करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(डॉ. राजकुमार रंजन सिंह)

(क) जी, नहीं। भारत ने जून 2021 में जी 7 कॉर्नवेल शिखर सम्मेलन में जी 7 देशों के साथ किसी करार पर हस्ताक्षर नहीं किए। तथापि, शिखर सम्मेलन में सम्मिलित नेताओं ने 'ओपन सोसाइटीज स्टेटमेंट' पारित कर दिया।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) लागू नहीं।

(घ) लागू नहीं।

***